हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 6 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 हसदेव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीसीए में किया कला ...



## खबर संक्षेप

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### वर्षा ऋतु में 15 तक मत्स्याखेट पर लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस संबंध में मछली पालन विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### नशे का सेवन करने वाले 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

अकलतरा। पुलिस के द्वारा छापा मार कर नगर के वार्ड क्रमांक 13 सब्जी मंडी के पीछे गांजा पीते हुए एवं सुलेशन सूंघते हुए 6 युवकों को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि थाने में लगातार शिकायत आ रही थी कि वार्ड क्रमांक 13 में सब्जी मंडी के पीछे युवकों के द्वारा गांजा एवं सुलेशन के नशे में वार्ड मैं आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज किया जाता है एवं उन्हें मना करने पर गाली गलौच व धमकी दी जाती है। आज सब्जी मंडी के पीछे छापा मार कर वहां गंज एवं सुलेशन का सेवन कर रहे किशन पाण्डेय उम्र 20 वर्ष निवासी फिरंगीपारा वार्ड न 05 करगीरोड बिलासपुर,निखिल गरुड उम्र 19 वर्ष निवासी जैतखाम अकलतरा,रूपेश चौहान उम्र 21 वर्ष सा. वार्ड न.14 अकलतरा,धर्मेन्द्र यादव उम्र 20 वर्ष वार्ड न 14 अकलतरा, सुनील सारथी उम्र 22 वर्ष वार्ड न. 04 अकलतरा एवं टीकाराम टण्डन उम्र 70 वर्ष सा. वार्ड न. 13 अकलतरा को पकड़ा जाकर विधिवत एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय का योगदान रहा।

### लेन देन करने वाले खाताधारकों की बढ़ गई परेशानी

# नए साफ्टवेयर ने अटकाया रोड़ा प्रधान डाकघर में कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधान डाकघर में नया साफ्टवेयर अपलोड का काम किया गया है। जिसके चलते यहां का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। ऐसे में रूपयो का लेनदेन करने वाले खाताधारको की परेशानी और भी बढ गई है। इस चक्कर में उन्हें बैरंग भी लौटना पड जा रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर में करीब 7 सालो से प्रधान डाकघर का संचालन किया जा रहा है, ताकि शहर सहित आसपास रहने वाले लोगो को पैसा जमा करने से लेकर स्पीड, अंतरदेशीय कार्ड, रूपऐ का लेनदेन सहीत अन्य तरह की सुविधा मिल सके, लेकिन प्रधान डाकघर में इस तरह की सुविधा खाताधारको को नही मिल पा रही है। ऊपर से नया साप्टवेयर अपलोड करने के कारण प्रधान डाकघर में कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रधान डाकघर जांजगीर मे ना केवल जांजगीर शहर ब्लकि आसपास के गांव के लोगो को मिलाकर 10 हजार से भी अधिक लोगो ने अपना खाता खुलवाया है। ताकि लेन देन करने में सुविधा होने के साथ उनकी जमा पूंजी डाकघर में सुरक्षित रह सके। वही दुसरी ओर प्रदेश के साथ साथ सभी मुख्य एवं प्रधान डाकघर में इन दिनो साप्टवेयर अपलोड करने का काम किया गया है। जिसके चलते खाताधारको को रूपए का लेनदेन करने सहित अन्य कार्यो में परेशानी उठानी पड रही है। करीब 10 हजार से भी अधिक लोगो के द्वारा प्रधान डाकघर जांजगीर में अपना खाता खुलवाए है, ताकि वे पैसे का लेन देने करने के साथ साथ स्पीड पोस्ट, अंतरदेशीय भेजना, मनीआर्डर, फिक्स डिपाजिट सहित अन्य तरह के काम यहां हो सके। वही दूसरी ओर नया साप्टवेयर अपडेट होने के चलते खाताधारको के काम प्रभावित हो रहे है। जिसके चलते उनकी परेशानी और भी बढ गई है। इसके चलते खाताधारको को बैरंग ही लौट जाना रहता है। बताया जा रहा है कि इन दिनो शासन स्तर से ही साप्टवेयर अपडेट करके नया मशीन लगा रहे है। जिसके चलते इस तरह की परेशानी उठानी पड रही है। शासन स्तर पर हर साल बडे पैमाने पर विभिन्न पदो के लिए भर्ती प्रकृया आयोजित की जाती है। इस दौरान अभ्यर्थियो को आवेदन जमा करने के पूर्व स्पीड पोस्ट करने की जरूरत पडती है। ताकि आवेदन समय पर संबंधित विभाग के कार्यालय में जमा हो सके।



जांजगीर स्थित प्रधान डाकघर।

### वाहन रखने की समुचित ब्यवस्था तक नहीं

जिला मुख्यालय जांजगीर के बिष्णु मंदिर मार्ग जाने वाले रास्ते पर प्रधान डाकघर का संचालन किया जा रहा है। लेकिन डाकघर परिसर के पास वाहनो के रखने की समुचित ब्वस्था तक नही बन पाई है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है। खासकर बुधवार के दिन जांजगीर मे सप्ताहिक बाजार लगता है। इस बीच बाजार मे खरीदी करने पहुंचे लोगो के द्वारा अपने वाहनो को मुख्य मोर्ग एवं प्रधान डाकघर परिसर के पास ही रख देते है। इस बीच आने जाने वाले लोगो को कई तरह की परेशानियो का सामना भी करना पडता है।

### हो रहा कामकाज प्रभावित

प्रधान डाकघर में साफ्टवेयर अपलोड किया गया है। जिसके चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। ब्यवस्था बनाने में समय लगता है। जल्द ही ब्यवस्था बना ली जाएगी। परिसर के आसपास वाहनो की पार्किंग को लेकर भी निर्देश जारी किया गया है।

**-जोगींदर घृतलहरे,**
मुख्य पोस्ट मास्टर, प्रधान डाकघर जांजगीर

# प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन परिवहन, वाहनों की बनाई जब्ती

### खनिज विभाग उड़नदस्ता टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बरसात के मौसम में रेत का परिवहन व उत्खनन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। इसके बावजूद खनिज माफियाओं द्वारा इस तरह का कार्य धडल्ले से चल रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने 4 वाहनों को जब्त किया है। इस पर खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग के द्वारा मंगलवार 5 अगस्त को जिले के ग्राम भादा, नवापारा, केवा तथा बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया। खनि अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि ग्राम नवापारा स्थित हसदेव नदी से 3 जेसीबी द्वारा खनिज रेत का उत्खनन करते पाये जाने पर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर जप्त कर कलेक्टोरेट परिसर जॉजगीर में रखा गया है। इसके अतिरिक्त 1 हाईवा को खनिज रेत की परिवहन अनुमति क्षमता से अधिक खनिज रेत मात्रा का परिवहन किये जाने पर जप्त किया गया है। उक्त वाहनो व वाहन मालिको के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंतत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जांच किया जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



जब्त वाहन।

### हसदेव नदी का सीना चीरकर रेत का अवैध परिवहन



**तालदेवरी।** हसदेव नदी में पानी की धार कम होते ही रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। ग्राम करनौद से होकर गुजरने वाली हसदेव नदी का सीना चीरते हुए कांग्रेसी नेता लोग रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है। जबकि सरकार ने रेत के अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके चलते जगह-जगह रेत का टापू सा बन गया है। यहां तक इन्हीं टापुओं से रेत माफिया हाइवा व ट्रैक्टर से सैकड़ों ट्रिप रेत निकाल रहे हैं और करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं। खासकर महानदी में सबसे ज्यादा रेत का उत्खनन हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हसदेव की धार कम होते ही रेत माफिया अपना काला कारोबार शुरू कर दिए हैं। एक दिन में 5-5 लाख रुपए की रेत निकाली जा रही है। प्रत्येक हाइवा के पीछे 8-10 हजार रुपए ली जा रही है। एक दिन में सैकड़ों ट्रिप ट्रैक्टर व हाइवा निकाल कर माफिया 5 से 7 लाख रुपए का हर रोज कारोबार कर रहे हैं। ग्राम पंचायत करनौद के सरपंच, पंचो ने कलेक्टर, खनिज विभाग को लिखित शिकायत कर अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई कि मांग कि थी लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कि गई।

## मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाइट जलाए जाने की मांग को लेकर पार्षद पहुंचे सीएमओ दफ्तर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुख्य मार्गों एवं वार्डों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से नगर वासियों को हो रही परेशानियों को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षदों के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर नगर के मुख्य सड़कों एवं गलियों में स्ट्रीट लाइटों को जलाए जाने किए जाने की मांग की गई है।

विदित हो कि विगत 6 महीने से नगर के मुख्य मार्गो एवं वार्डो में स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है। नगर की सड़कों में चारों तरफ अंधेरा छाया रहता है जिसके चलते नगर वासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं साथ ही बरसात के मौसम में सांप ,बिच्छू एवं अन्य बरसाती कीड़ों के काटने की आशंका बनी रहती है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी संजय सिंह को स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के लिए ज्ञापन दिया गया। पार्षदों के द्वारा रक्षाबंधन पर्व के पहले नगर की सड़कों एवं गलियों में स्ट्रीट लाइट जलाए जाने की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी किए जाने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, पार्षद धनराज सिंह चौहान, कमलेश वैष्णव, पार्षद दिनेश दास, मुरलीधर मिश्र, राज कुमार सिंह, श्रीमती सुभद्रा साहू, श्रीमती सुनीता प्रसाद, श्रीमती सुनीता सिंह, पार्षद राज कुमार अग्रवाल, पार्षद माधुरी देवी पालीवाल, पार्षद श्रीमती वैशाली सिंह, मोनू नामदेव, सुरेश मिर्चन्य, विजय खंडेल, श्रीमती समिता सिन्हा, अभिषेक बंजारे , श्रीमती रूखमणि वैष्णव, देवनारायण बरेठ, डॉ विवेक सिंह बैस, संतन सिन्हा शामिल रहे।

### घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**जांजगीर-चांपा।** धाराशिव गांव में 24 वर्षीय युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला है, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। हालांकि पामगढ़ पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार धाराशिव गांव में सोमवार 4 अगस्त की रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब स्थानीय लोगों ने को उसके ही घर के कमरे में फांसी पर लटका पाया। युवक की पत्नी सोमवार से मायके गई हुई थी, वहीं युवक घर पर अकेला था। घटना की सूचना मिलते ही पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पामगढ़ सीएचसी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद शोक का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर पुलिस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। पामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अजय चौहान के आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# स्टाफ नर्सों की लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई, दो को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बी.डी.एम. शासकीय चिकित्सालय चांपा में इलाज में गंभीर लापरवाही के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो स्टाफ नर्सों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- बीडीएम शासकीय चिकित्सालय का मामला

मिली जानकारी के अनुसार भोजपुर चांपा निवासी 22 माह के आयुष देवांगन को 29 जुलाई की रात 12: 40 बजे सर्पदंश के उपचार हेतु अस्पताल लाया गया था। हालांकि ड्यूटी में उपस्थित स्टाफ नर्स श्रीमती सविता महिपाल एवं श्रीमती मीनू पटेल ने बिना ड्यूटी चिकित्सक या उच्च अधिकारियों को सूचित किए ही मरीज को इलाज के लिए मौखिक सलाह देकर नर्सिंग होम जाने की बात कह दी। यह कार्य सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 07 का स्पष्ट उल्लंघन है और इसे सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत दंडनीय माना गया है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश अनुसार दोनों स्टाफ नर्सों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला अस्पताल जांजगीर-चांपा रहेगा और इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अब सख्त कदम उठाए जाएंगे।नर्सों पर कार्रवाई, डॉक्टर को अभयदान पर उठे सवाल -चांपा बीडीएम अस्पताल में सर्पदंश मामले में दो स्टाफ नर्सों को निलंबित किया गया, परंतु ड्यूटी डॉक्टर सरिता नागरची पर कोई कार्रवाई न होना सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि डॉक्टर उस रात ड्यूटी पर थी ही नहीं। ऐसे में सिर्फ नर्सों पर कार्रवाई करना पक्षपातपूर्ण माना जा रहा है।





## चलित प्रयोगशाला के माध्यम से 52 खाद्य पदार्थो का लिया सेंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रक्षाबंधन एवं 15 अगस्त पर्व को लेकर मिष्ठान्न भंडार, रेस्टोरेंट सहित अन्य संस्थानों से 52 खाद्य पदार्थो का सेंपल लिया गया। इस दौरान 4 खाद्य पदार्थ अमानक स्तर का पाया गया। साथ ही साथ प्रयोगशाला मशीन के माध्यम से जांच की गई।

मंगलवार 5 अगस्त को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा आर्या एवं उनकी टीम द्वारा सक्ती जिले के विभिन्न रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान, होटल, चाट कॉर्नर, खाद्य ठेले इत्यादि खाद्य परिसरों का चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से निरीक्षण 52 नमूने संकलित किया गया। जिसमें से 40 मानक, 4 अवमानक, 3 मिथ्याछाप और 5 असुरक्षित पाया गया, खाद्य कारोबारकर्ताओ व जन सामान्य को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, नियम व विनियम सम्बन्धी जानकारी दी गई।



दुकानों में जांच करने पहुंची अफसरों की टीम।

### मीडियाकर्मी से मारपीट अपराध दर्ज

**तालदेवरी।** रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्य में लगे लोगों के खबर कवरेज को लेकर पहुंचे मीडिया कर्मी से मारपीट की गई है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करनौद की है। मिली जानकारी के अनुसार मामला सोमवार 4 अगस्त का है। मीडिया कर्मी दुर्गा प्रसाद डडसेना रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर नदी किनारे खबर कवरेज करने के लिए गया था। इस दौरान ग्राम करनौद निवासी सूरज देवांगन एवं नाबालिक के द्वारा मीडिया कर्मी से मारपीट की गई है। मामले में अपराध कायम किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में कमी लाने लगातार हो रहा प्रयास

# राखी पर पुलिस की अभिनव पहल, एक हेलमेट भाई के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटना से बचाने ऑपरेशन उपहार के तहत 1 हजार हेलमेट का वितरण पुलिस प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इस तरह की व्यवस्था रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बनाई गई है। विश्लेषण के अनुसार 70 फीसदी मौते सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट नही पहनने की वजह से होती है।

गौरतलब है कि मंगलवार 5 अगस्त को रक्षा बंधन पर जांजगीर चांपा पुलिस की अभिनव पहल एक हेलमेट भाई के नाम शुरू की गई है। जिसके तहत दोपहिया वाहन चालकों को करीब 1 हजार हेलमेट निःशुल्क वितरण करने की योजना है। जिले की सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण पर यह पाया गया कि दुर्घटनाओं में लगभग 70 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहन चालकों की होती है, जिनमें से यदि उनके द्वारा हेलमेट का उपयोग किया जाता तो लगभग 35-40 प्रतिशत लोगों का जीवन बचाया जा सकता था। जिले की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मानव जीवन की संभावित क्षति के बचाव को दृष्टिगत रखते हुए ऑपरेशन उपहार के तहत आगामी शुक्रवार 8 अगस्त को पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले के सभी थाना चौकियों क्षेत्र में निःशुल्क 1 हजार हेलमेट वितरण दोपहिया वाहन चालको को किया जाएगा। इस ऑपरेशन का उद्देश्य परस्पर एक दूसरे को हेलमेट का उपहार देकर उसके जीवनभर की उपयोगी चीज़ को देना है। जैसा कि किसी के जन्मदिन, विवाह, एनिवर्सरी, सामाजिक कार्यक्रम आदि अवसरो पर ऐसे उपहार दिए जाए तो जन जागरुकता की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम होगा। परस्पर हेलमेट पहनने को प्रेरित कर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करना इस अभियान का उद्देश्य है। जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, उचित बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में आपरेशन उपहार का शुभारंभ किया किया है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर पुलिस द्वारा 8 अगस्त को जिले के थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत निःशुल्क हेलमेट बांटने का कार्यक्रम रखा गया है। हेलमेट पहनकर मोटर सायकल चलाने के लिए जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करना, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देना, और लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए प्रेरित करना। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील। जान-माल की सुरक्षा पर बलः यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाले जान-माल की हानि पर प्रकाश डालना, सुरक्षित वाहन चलाने की महत्ता को समझना सहित जानकारियां दी गई है।



ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### तकनीकी समिति का गठन

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा जल प्रदाय योजना के विस्तार हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास को विस्तृत प्राक्कलन प्रेषित किया गया है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत द्वारा उक्त कार्य में जल की गुणवत्ता, जल का इन्टेक एवं वार्डो में जल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राप्त प्राक्कलन का वित्तीय, भौतिक तथा तकनीकी परीक्षण करने हेतु तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठन किया गया है। जिसमें कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग जिला कोरबा शामिल हैं। उक्त समिति को जांच कर प्राक्कलन के संबंध में अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

### शासकीय महाविद्यालयों में स्वच्छता और सुरक्षा की नई पहल

**कोरबा।** जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी, चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त 29 पदों की स्वीकृति के पश्चात सभी 15 महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी पूर्ण होगी तथा महाविद्यालयों की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। उक्त हेतु राशि का व्यय जिला खनिज संस्थान न्यास के द्वारा किया जाएगा।

### एक कार्य का दो प्रस्ताव पारित होने की शिकायत

**कोरबा।** निगम मद से वार्ड क्र. 14 (पूर्व वार्ड क्रं.12) अमरैय्या पारा अंतर्गत पावर टावर के पास तालाब व सीसी रोड निर्माण कार्य का टेण्डर 88 लाख का ई-टेण्डर नोटिस क्रमांक 168445 है, उसके वर्क आर्डर की तैयारी निगम द्वारा की जा रही है।

बेला ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम खेतार, फूटामुड़ा और गहनिया का मामला

# सात साल बाद तीन गांव के लोगों को मिला बिजली बिल, बिल देखकर उड़ गए होश



शिकायतकर्ता ग्रामीण।



बिल को दिखाती महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक गांव के तीन आश्रित ग्राम के ऐसे उपभोक्ता हैं जहां विद्युत वितरण विभाग ने उन्हें बिजली बिल देने के लिए एक साल दो साल नहीं बल्कि कई साल तक भूल गया था और बाद में विद्युत वितरण विभाग की टीम ने बिना रीडर के नाम छपे हुए उपभोक्ताओं को किसी को 38 हजार रुपए, किसी को 50 हजार रुपए तो किसी को 60 हजार रुपए, किसी को 80 हजार रुपए की भारी भरकम बिल थमाई गई है। जब लोगों ने वर्षों बाद अपने घरों का बिजली बिल देखा तो उनके होश उड़ गए और अब उन्होंने इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अफसरों से की है। विद्युत विभाग के अफसरों ने मामले में संज्ञान लेते हुए गांव में शिविर लगाकर मामले का पटाक्षेप करने का आश्वान दिया है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम बेला है। जिसके आश्रित ग्राम फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया आते हैं। बताया जाता है कि इस गांव में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें पिछले कई वर्षों से विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल नहीं दी जा रही थी। वर्ष 2018 में ग्रामीणों को बिजली बिल मिला था लेकिन इसके बाद गांव के लोगों को बिजली बिल नहीं मिल पा रहा था। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच को शिकायत भी की थी लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया। अब 7 साल बाद विद्युत वितरण विभाग ने बिना रीडर के नाम छपा हुआ तीनों गांव के दर्जनों आश्रितों को बिजली बिल थमाया है। जिसमें किसी को 38 हजार, 40 हजार तो 70 हजार रुपए का बिजली बिल शामिल है। गांव में भारी भरकम बिल आते ही ग्रामीण सकते में आ गए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने घरों का कनेक्शन व मीटर ही हटा दिया था उन्हें भी बिल थमा दिया गया है। अब मामला सामने आने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

### किश्त व स्लेब की मिलेगी सुविधा

ग्राम बेला के आश्रित गांव फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया के लगभग डेढ़ सौ से 200 उपभोक्ताओं को अरदा व पौंसरा ग्रुप में जोड़ दिया गया था उन्हें प्रति महीना बिल तो जारी होता था लेकिन उन्हें मिल नहीं पाता था। जिसके चलते यह स्थिति निर्मित हुई थी। अब उन्हें बेला के ग्रुप में जोड़ा गया है जिसके चलते उन्हें बिल मिल रहा है तब मामला सामने आया है। मामले की जांच के बाद अब उन ग्रामीणों को स्लैब व किश्त की सुविधा दी जाएगी।

**-पीएल सिदार,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग कोरबा

### 200 उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा था बिल

बताया जाता है कि ग्राम बेला के आश्रित ग्राम फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया के लगभग डेढ़ सौ से 200 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्हें पिछले 2018 के बाद से बिल नहीं मिले थे। अब उन्हें अचानक कई वर्षों बाद बिल मिला है जिससे ग्रामीण भारी भरकम बिल देखकर उनके होश उड़ गए हैं। अब इस बिल को जमा करना भी विद्युत वितरण विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भारी भरकम बिल भी पटा पाना ग्रामीणों के लिए आसान नहीं है तो वहीं विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार का कहना है कि ग्रामीणों उपभोक्ताओं को स्लेब व किश्त की सुविधा दी जाएगी।

# कनकेश्वर धाम जा रहे युवक को हाईवा ने लिया चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की रात एक युवक अपने साथियों के साथ पैदल राताखार से कनकेश्वरधाम कनकी जा रहा था कि राताखार के समीप पहुंचा था कि इसी दौरान एक हाईवा के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे हाईवा भी सीधे युवक के ऊपर पलट गई जब तक युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता कि बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- रविवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के राताखार के समीप हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी निवासी दीप साहू उम्र 25 वर्ष पिता धनेश साहू अपने साथियों के साथ पैदल रविवार की रात कनकी जा रहा था। रात लगभग 1 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार बायपास रोड पर पहुंचा था कि इसी दौरान सड़क से गुजर रही हाईवा क्रमांक सीजी 12 बीपी 0312 अचानक युवक को अपनी चपेट में ले लिया और सीधे हाईवा उसी के ऊपर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और दीप साहू को तत्काल किसी तरह हाईवा से बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक को माजदा ने मारी टक्कर, मौत

चोटिया चौक के समीप सड़क पार कर रहे एक मोटरसाइकिल सवार को स्वराज माजदा के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिनपुरी निवासी बलजोर श्याम 42 वर्ष पिता रघुवीर सिंह श्याम अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से आ रहा था कि सुबह वह चोटिया चौक को पार कर रहा था इसी दौरान स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 04 पी 2645 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार बलजोर श्याम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले स्वराज माजदा के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जहर खाने से विवाहिता की मौत, प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है तो वहीं विवाहिता के मायके पक्ष वालों ने उसके ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला आखिर क्या है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झाबर निवासी वंदना 30 वर्ष पति लक्ष्मी नारायण ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। आनन फानन में परिजन उसे मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मृतका वंदना के मायके पक्ष वालों ने उसके ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है और कहा है कि उनकी प्रताड़ना और मारपीट से परेशान होकर वंदना ने आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## बाल संरक्षण गृह में कार्यरत हाउस फादर को हटाया गया

**कोरबा।** जिले में संचालित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) नवीन थाना भवन बालको के संबंध में प्रकाशित व प्रसारित समाचार जिसमें की सोशल मीडिया में वायरल वीडियो का उल्लेख है। वीडियो में संस्थागत अपचारी किशोर टीवी में गाने देखते हुए दिख रहे हैं जिससे एक किशोर द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से कोरबा जेल टेग लाईन के सहित पोस्ट किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि उक्त घटना में किसी भी प्रकार का कदाचरण परिलक्षित नहीं हो रहा है, केवल किशोरों द्वारा टीवी में मनोरंजन की दृष्टिकोण से गाना देखते हुए उक्त स्थान में किशोर बैठे हैं ।

# ऊंचाई से गिरकर ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 29 वर्षीय ठेका श्रमिक सीएसईबी पश्चिम के पावर प्लांट में काम कर रहा था। इसी दौरान ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा। युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी पावर प्लांट की है। यहां निवासरत सुरेश पुरी गोस्वामी 29 वर्ष पिता काशीराम गोस्वामी के.के. कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करता था और रविवार की दोपहर कन्वेयर बेल्ट की ऊंचाई में चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर स्लिप हो गया और सीधे नीचे आ गिरा। घटना के होते हैं मौके पर मौजूद लोगों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए सीधे मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही पर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।



## खबर संक्षेप

### अग्रसेन चौक से लाल चौक तक स्ट्रीट लाइट के लिए किया गया भूमि पूजन



**अकलतरा।** अग्रसेन चौक से सीसीआई लाल चौक तक नई स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर राणा और वार्ड नंबर 20 के पार्षद राजकुमार सिंह मौजूद रहे।नगर पालिका परिषद 20 लाख रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाएगी। दीप्ति सारथी ने कहा कि लाइट लगने से लोगों को शाम के बाद आने-जाने में सुविधा मिलेगी। ठेकेदार को तय मापदंड के अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्षद राजकुमार सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 20 सहित ग्राम मुरलीडीह रोगदा, अमोरा, नवापारा, न्यूवोको सीमेंट संयंत्र जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से अंधेरे में लोगों को परेशानी होती थी। दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। अब लाइट लगने से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में पार्षद दिनेश दास महंत, पुरुषोत्तम नामदेव, विजय खांडेल, पिंटू बरेठ, रमेश पालीवाल समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अकलतरा इकाई के दूसरी बार अध्यक्ष बने विजय

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी के द्वारा



अकलतरा इकाई के कार्यकारिणी का मनोनयन करते हुए वर्तमान अध्यक्ष विजय केडिया को पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष पद पर किशोर गुप्ता ,सचिव पद पर दीनदयाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर मनोज गोयल, उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश वाधवा ,सुशील जैन ,संयुक्त सचिव पद पर विकास केडिया एवं सहसचिव पद पर सन्नी वाधवा का मनोनयन किया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 2025 से 2028 तक रहेगा। अपने मनोनेनायान पर विजय केडिया ने कहा कि बीते कार्यकाल में चेंबर्स के द्वारा कई नवाचार करते हुए व्यापारियों की समस्याओं को शासन एवं प्रशासन के समक्ष उठाकर उनका समाधान किया गया आगामी कार्यकाल में भी व्यापारियों के मुद्दों को उठाकर क्षेत्र में व्यापारिक सहजता एवं सरलता के लिए प्रयास किया जाएगा।

### आईटीआई में चयनित अभ्यर्थियों को आज से दिया जाएगा प्रवेश

**खरौद-तनौद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरौद में संचालित एनसीवीटी व्यवसाय-कोपा,विद्युतकार,फिटर में प्रवेश के लिए 6 अगस्त से 8 अगस्त तक संस्था में चयन सूची से चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025-26, 2025-27 के लिए प्रवेश 6 से 8 अगस्त तक दिया जाएगा।

### बढ़ी तिथि, अब 14 अगस्त तक किसान करा सकेंगे फसल बीमा

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 हेतु फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 नियत की गई थी। जिसे अब बढ़ा कर अऋणी किसानों के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त एवं ऋणी किसानों के लिए 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को अधिसूचित किया गया है। धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई क्षेत्र लिया गया है तथा उड़द और मूंगफली फसल के राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 24000 रूपये तथा धान असिंचित के लिये 17200 रु. प्रति एकड है तथा कृषको के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिये 480 रु. प्रति एकड़ तथा धान असिंचित के लिये 344 रू प्रति एकड़ प्रीमियम राशि जमा करना होगा। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 14400 रू. उड़द के लिए 8800 रू और मूंगफली के लिए 16800 रू. प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है।

#### छात्रों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रदान की गई विस्तृत जानकारी

# पेटीएम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण



शिक्षक पालक सम्मेलन में जानकारी देते अतिथि।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शिवरीनारायण में शिक्षक-पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति के बुद्धेश्वर केशरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सम्मेलन में पालकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। विद्यालय परिसर में मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। विद्यार्थियों को अपना लंच पैकेट साथ लाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी शीघ्र बनवाने का आग्रह किया गया। गृहकार्य नियमित रूप से करना अनिवार्य बताया गया। विद्यार्थियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आने का निर्देश दिया गया। अनुचित अनुपस्थिति से बचने की सलाह दी गई। यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी पालकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बी.के. देवांगन सहित शिक्षकगण के.पी. साहू, आर.के. साहू, टी.आर. कुर्रे, जी.पी. साहू, आर.पी. कश्यप, व्ही.एल. जलतारे, एच.सी. देवांगन, सी.एस. देवांगन, व्ही.पी. तिवारी, एस. साहू एवं यशोदानंदन यादव उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय और पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक व सामाजिक विकास को सुनिश्चित करना था। सभी पालकों ने विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक में राजेश श्रीवास, गणेश केंवट, कृष्ण कुमार, बालाराम, आकांक्षा मेनन, रामकुमारी, गंगा, झूलाबाई, सतरुपा, शैलकुमारी, जमुना, मनहरण, पवन तुरकाने, कमल प्रसाद, सुशीला, सतीश सेन, रामकुमार साहू प्रमुख रहे।

### बेहतर रिजल्ट के लिए करना होगा प्रयास

**राहौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में 5 अगस्त को शिक्षक पालक संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमें जुलाई के मासिक टेस्ट के रिजल्ट से पालकों को



अवगत कराया गया। उत्कृष्ट जांजगीर अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से पालकों को अवगत एवं पिछले सत्र के टापर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। प्राचार्य पी एल कौशिक ने कहा कि बेहतर रिजल्ट हेतु शिक्षक पालक एवं विद्यार्थियों को मिलकर प्रयास करना होगा तथा पालक अपने बच्चों की प्रगति से अवगत होते रहे। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं जागरूक पालक उपस्थित रहे।



## टेल एरिया के खेतों में फसल सूखने की कगार पर, किसान चिंतित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोधना

जिले के टेल एरिया में आने वाले गांवों में किसान इस बार गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। नहरों से पानी नहीं पहुंचने और बारिश नहीं होने के कारण फसलें मुरझा रही है।

गोधना, कुरियारी, पोंड़ी, तुस्मा, बोरदा, बेल्हा, रिंगनी, कुकदा, सलखन, लोहर्सी सहित करीब दर्जनभर गांव के खेतों में नमी खत्म हो चुकी है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंचेगा तो फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी। ग्राम कुरियारी के किसान अनंत राम कश्यप ने बताया कि हमने बड़ी उम्मीद से खेत में बीज बोया, लेकिन नहर के माध्यम से अभी पानी नहीं पहुंचा है। ऊपर से बारिश भी नहीं हुई। अब फसलें सूखने लगी हैं। प्रशासन को तुरंत ध्यान देना चाहिए। गोधना के किसान जगन्नाथ यादव ने बताया कि वे कलेक्टर कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि यह समस्या हर साल होती है, लेकिन समाधान नहीं निकलता। टेल एरिया के किसानों को हमेशा नजरअंदाज किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर नहर की सफाई नहीं की गई । मुख्य क्षेत्रों तक ही पानी पहुंचा, जबकि अंतिम छोर के गांवों को पानी नहीं मिला। जल संसाधन विभाग की उदासीनता से किसान हर बार परेशान होते हैं।

## शुक्ला की नवमीं पुण्यतिथि पर अखंड रामायण पाठ आज से, मानस गायन व सम्मान समारोह कल

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की नवमीं पुण्य तिथि गुरुवार 7 अगस्त को परंपरानुसार मनाई जाएगी। इसको लेकर गृह ग्राम तुलसी में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ बुधवार 6 अगस्त को होगा तथा रामचरितमानस गायन, प्रवचन व सम्मान समारोह 7 अगस्त को होगा। इस मौके पर उनकी स्मृति में विगत 9 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को रामायण गायन एवं प्रवचन करने वाली जगदम्बा मानस मंडली को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह गुरुवार 7 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे दुधाधारी मठ रायपुर एवं शिवरीनारायण के मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, सारंगढ़-बिलाईगढ़



जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जांजगीर-चांपा भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित रघुराज प्रसाद पांडे, दिनेश शर्मा, राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम के प्रमुख डॉ. अशोक हरिवंश, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. परस शर्मा, साहित्यकार सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में होगा। इस मौके पर नीलम सिंह यादव (जूनियर रविन्द्र जैन)द्वारा रामायण भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

## सरपंच संघ के चुनाव में 75 गांव के पहुंचे सरपंच, राजू अध्यक्ष व दिलदार बने उपाध्यक्ष

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के सभा कक्ष में मंगलवार 5 अगस्त को क्षेत्र के 81 ग्राम पंचायत के सरपंच संघ गठित

- **जनपद पंचायत मालखरौदा के सभाकक्ष में बैठक में लिया गया निर्णय**

करने के संबंध में बैठक आयोजित किया गया, जिसमें 7 प्रत्याशी सरपंच अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी किया।

चर्चा उपरांत दो सरपंचों में अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार सरपंच संघ अध्यक्ष के लिए 5 दावेदार बचे। अंत में तीन सरपच ने अपना नाम वापस ले लिया। अंत में दो सरपंच बचे जहां दोनों के नाम का चिठ्ठा निकालकर सरपंच संघ का अध्यक्ष का चुना गया जिसमें राजू साहू छपोरा के नाम का चिठ्ठा निकला। इस प्रकार सरपंच संघ मालखरौदा का अध्यक्ष चुना गया वही उपाध्यक्ष दिलदार खुटे चुने गए तो कोषाध्यक्ष नवधा लालू गबेल बनाए गए, सचिव कंचन मधुकर ,सह सचिव सुखबाई जाटवर एवं मनीराम चौहान बनाए गए तो प्रवक्ता कविता दल्ला और चक्रधारी भारद्वाज बनाए गए मीडिया प्रभारी के रूप में सूरज महिलागे तथा रोशनी रात्रि को चुना गया। इससे पहले दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष में क्षेत्र के 81 सरपंचों में से 75 के लगभग सरपंच इस सरपंच संघ अध्यक्ष चुनाव के लिए शामिल हुए थे, जहां अंत तक भारी कश्मकश चलता है। शाम 4 बजे के लगभग सरपंच संघ के अध्यक्ष का फैसला हो सका, वहीं इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू साहू ने हरिभूमि को बताया कि सर्वप्रथम गांव में बेजा कब्जा है उसके लिए तहसीलदार को ज्ञापन सोपा जाएगा ताकि विकास कार्य बाधित न हो। इसी प्रकार सभी गांव के सरपंचों को विकास कार्यों के लिए धनराशि मिले इसके लिए प्रयास किया जाएगा



उपस्थित नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## सावन के अंतिम सोमवार को जगह-जगह प्रसाद वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेल्हाडीह-लवसरा

स्थानीय हमर संगी सेवा समिति के युवाओं के द्वारा तुर्रीधाम में सावन के अंतिम सोमवार को भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में4 अगस्त को सावन के अंतिम सोमवार को हमर संगी सेवा समिति के युवा सदस्यों ने आगंतुक श्रद्धालु भक्तों को खीर, पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद वितरित किया। फल बनाने में समिति के सदस्य दुर्गेश साहू, संजीव साहू, अविनाश साहू , रबि शंकर साहू, चंदू लाल साहू , यशवंत यादव, दिनेश कुमार साहू पत्रकार गौतम तिर्की, सतीश कंवर, हेमंत साहू, सुरेश रजक, महेंद्र चंद्रा, रूपनारायण साहू, दिनेश साहू, कृष्णा साहू, कार्तिक यादव, हिलेश्वर साहू , कांति लाल साहू , द्वारिका प्रसाद चंद्रा, दिनेश साहू, मनंजय साहू , दुर्गा साहू , गोविंद साहू , प्रदीप राठौर, पवन हेमंत पटेल, सत्येन्द्र चौहान , गणेश राम साहू द्वारा सभी सदस्यों ने तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया।

### अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक का आयोजन



**मालखरौदा।** सावन मास के चतुर्थ सोमवार को मां घाटगोशाईन दाई के प्रांगण में रुद्रमा अभिषेक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू के साथ धर्म सेना के पदाधिकारी के अलावा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अंतिम सोमवार को नर्मदेश्वर महादेव पर किया जल अर्पण



**मूलमुला।** सावन के अंतिम सोमवर पर 4 अगस्त को ग्राम वासियों द्वारा हनुमान धारा लीलाधर नदी तट से जल लेकर 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर ग्राम के देवी मंदिर के प्रांगण में स्थापित नर्मदेश्वर महादेव पर जल अर्पण कर ग्राम में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्ति डीजे के साथ पैदल चलते रहे जिसमें महिला व बच्चे भी शामिल हुए।

### नंदेश्वर महादेव में खीर-पुड़ी प्रसाद का वितरण

**तनौद।** सावन माह के पवित्र सोमवार के अवसर पर अंदोली तालाब स्थित नंदेश्वर महादेव में हटवारा पारा के युवाओं ने श्रद्धालुओं को खीर-पुड़ी का प्रसाद वितरण कर पुण्य का कार्य किया। सुबह से ही मोहल्ले में भोलेनाथ नंदेश्वर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। युवा वर्ग ने स्वयं अपने हाथों से प्रसाद तैयार किया और शिव भक्तों को प्रेम पूर्वक प्रसाद वितरित किया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मोहल्ले के युवा और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रकट करना था,बल्कि समाज में आपसी एकता,सहयोग और सेवा भावना को भी बढ़ावा देना है। इस बीच सावन सोमवार को हनुमान मंदिर परिसर में मिट्टी के शिवलिंग बनाकर रूद्राभिषेक अशोक देवांगन डां राजेन्द्र साहू, रामहरि साहू, दीपक देवांगन दुर्गेश,मौजूद रहे।



## छात्रों को नई शिक्षा नीति की विशेषता व विविधता के बारे दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अतिथि।

शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर में 5 अगस्त को "दीक्षारंभ कार्यक्रम" का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" के साथ किया गया। एनइपी 2020 के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर सीनियर छात्रों द्वारा स्वागत किया गया।

- **जैजैपुर कॉलेज में हुआ दीक्षारंभ समारोह नव प्रवेशित छात्रों का किया गया स्वागत**

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर बंजारे प्रभारी प्राचार्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्रीमती नीलिमा आन्डिल्य के द्वारा छात्रों को नई शिक्षा निति 2020 के विशेषता एवं उसके विविधता के बारे में विस्तृत जानकारी दीया गया। कार्यक्रम में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर से कुसुमलता , करन कुमार, बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर (जीव विज्ञान) से देवदत्त धीवर , प्रिया कर्ष, बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर (गणित) से भूपेंद्र कुमार, कमलेश्वरी चंद्रा, बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर से किरण , विमलराज को एनईपी 2020 प्रथम सेमेस्टर का एम्बेस्डर मनोनीत किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम में एनईपी 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक द्वारा दी गयी। कार्यक्रम में एन.पी. कुर्रे, प्रशांत बनाफर, श्रीमती नीलिमा आन्डिल्य, संजय कुमार, श्रीमती प्रमिती सिंह, सचिन कुमार, अर्जुन सिंह , सुश्री चंद्रप्रभा वारे, शुश्री सरला कमलेश , नकुल प्रसाद टेंगवर , रवि निराला, संतोष प्रधान, श्रीमती प्रेमलता कश्यप, राजेंद्र आज़ाद ,मुकेश कुमार, के. एल. बर्मन, प्रह्लाद कर्ष, मनोज यादव , यगेश्वर सिदार, रमेश यादव, राजू यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत बनाफर सहायक प्रध्यापक समाजशात्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में सहायक प्राध्यापक अर्जुन सिंह के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/385/अति.तह. / वाचक / 2025

नवागढ़, दिनांक 25/7/2025
रा.प्र.क्र. -202211060300024/अ-6 अ
ग्राम सेमरा, प.ह.नं. -13

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीत कुमार पिता उप्रेम जाति सतनामी ग्राम सेमरा, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदक के नाम पर सामिलात खाते की भूमि ग्राम सेमरा, प.ह.नं.-13. रा.नि.म. व तहसील नवागढ़ में भूमि खसरा नंबर 686/36, 686/37, 686/41 रकबा क्रमशः 0.10, 0.25, 0.53 एकड़ कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.88 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज होते चला आ रहा है, जो वर्तमान में ऑनलाईन रिकार्ड में अनावेदकगण भागवत प्रसाद, भागीरथी, भागमति, त्रिवेणी, नर्मदाबाई पिसरान स्व. मोहितराम, सम्मे कुंवर बेवा मोहितराम, ना.बा. सृष्टि पिता स्व. विनोद सिंह बलि मां अनीता सिंह बेवा विनोद सिंह, प्रवीण सिंह पिता जीवधन सिंह ग्राम सेमरा के नाम पर दर्ज है। खसरा नंबर 686/41 रकबा 0.53 एत्र भूमि को ख.नं. 686/26 में से रकबा 0.53 एकड़ भूमि को आवेदक के पिता उप्रेम आ.दउआ के द्वारा बैनामा दिनांक 26/12/1995 को राजकुमार पिता कामता सिंह से क्रय किया था, अनावेदक क्र.01 से 06 के नाम पर दर्ज हो गया है। यह कि भूमि ख.नं. 686/36 रकबा 0.10 एकड़ भूमि को खसरा नंबर 686/29 में से रकबा 0.10 एकड़ भूमि को आवेदक के पिता उप्रेम आ.दउवा के द्वारा बैनामा दिनांक 18.03.1993 को राजकुमार पिता कामता सिंह से एवं ख.नं. 686/37 रकबा 0.25 एकड़ को ख.नं. 686/18 में से रकबा 0.25 एकड़ भूमि आवेदक के पिता उप्रेम द्वारा बैनामा दिनांक 03.04.1995 को भाउराम पिता बोधिराम से क्रय किया था। यह कि उपरोक्त भूमि को आवेदक अथवा उनके सहखातेदार के द्वारा किसी के पास विक्रय नहीं किया गया है, त्रुटिवश अनावेदकगण के नाम पर दर्ज हो गया है। भूमि ख.नं. 686/36, 686/37, 686/41 को आवेदक के नाम पर दुरुस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में पक्षकारों की उपस्थिति हेतु ईश्तहार जारी किया गया। जारी ईश्तहार प्रकाशन में जिस की व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/मुद्रा द्वारा जारी किया गया।
पेशी दिनांक 12/8/25
न्यायालय अतिरिक्त तहसील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट



डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग



डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच





राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट



डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज



राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., सेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॅलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### हसदेव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीसीए में किया कला-कौशल की प्रस्तुति



**चांपा।** चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल द्वारा संचालित हसदेव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल लछनपुर चांपा में 2 अगस्त को सीसीए के अंतर्गत प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन में स्कूल में विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने अपने कला-कौशल प्रस्तुत किए। जिसमें स्कूल के विवेकानंद सभागार में कक्षा. नर्सरी से कक्षा. केजी 2 तक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताए कक्षा . पहली से कक्षा . पांचवीं तक राखी मेकिंग प्रतियोगिताए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कक्षा . छठवीं से कक्षा . बारहवीं तक मेंहदी डेकोरेशन प्रतियोगिता एथाली मेकिंग प्रतियोगिताए वेस्ट वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाना एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूल के इनडोर बैडमिंटन हाल में कक्षा. तीसरी से कक्षा . पांचवीं तक कहानी बोलना प्रतियोगिता आयोजित किया गया। साथ ही प्राचार्य एवं उप प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी परिषद का मीटींग लिया गया एवं आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। प्रतियोगिता में बच्चे काफी उत्साहित थे। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़ . चढ़कर भाग लिया। स्कूल की उप प्राचार्या श्रीमती कमल अंबवानी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और जीवन के हर मोड़ में उन्हें सफलता मिलेगी। इस अवसर सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, मैनेजर जवाहर लाल यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएंए कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तिरंगा यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा के कार्यकर्ताओ की तिरंगा यात्रा के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में बुधवार 6 अगस्त को 3 बजे रखी गई है। उक्त बैठक मे प्रमुख रूप से कृष्ण मूर्ति बांधी पूर्व मंत्री (पूर्व विधायक मस्तूरी), सौरभ सिंह अध्यक्ष खनिज विकास निगम छग, गिरधर गुप्ता जिला प्रभारी संगठन भाजपा, नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छ ग विधानसभा, अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम संयोजक गुलाब सिंह चंदेल पूर्व जिलाध्यक्ष, सह संयोजक चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक, अमर सुल्तानिया, नंदिनी राजवाड़े ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष बने बुद्धेश्वर कश्यप

**बिर्रा।** देवांगन धर्मशाला में सोमवार 4 अगस्त को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक हुई, जिसमें



सर्वसम्मति से बिर्रा निवासी बुद्धेश्वर कुमार कश्यप को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। वह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सलिहाघाट में शिक्षक के रूप में कार्यरत है। साथ ही महिला प्रकोष्ठ से ब्लाक अध्यक्ष के लिए श्रीमती गंगा पटेल का नाम तथा तहसील अध्यक्ष भटगांव के लिए मूलचंद देवांगन को सर्व सम्मति से प्रस्तावित चुना गया। मूलचंद देवांगन बिर्रा नगर के भाटापारा निवासी है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ में नए जिम्मेदारी सौंपने जाने पर अध्यक्ष बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने कहा कि शिक्षक संघ की अपनी पहचान होती है। शिक्षा के हित में लगातार काम करना है। इसमें सभी का सहयोग की आवश्यकता होगी।

### शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**बिर्रा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु दल ब बम्हनीडीह द्वारा 5 अगस्त को शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में टीम लीडर डॉक्टर गुलशन निराला आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पिंकी यादव,श्रीमती शशि चंद्रा(एएनएम)ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान खुशबू कश्यप,साइना कश्यप,सफदर खान,जानहवी कश्यप रेवती कश्यप, अशफाक खान चौथी,दिनेश कुमार, मुकेश कुमार,यश कुमार कश्यप,ज्योति भारद्वाज कक्षा सातवीं बच्चों को उच्च इलाज के लिए उच्च संस्थान रेफर किया गया एवं कुछ बच्चों को दवाई वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, एकादशिया मांझी, पितांबर प्रसाद कश्यप, कैलाश खूंटे, अनुपमा जांगड़े, कौशल यादव, अशोक जांगड़े आदि उपस्थित रहे।

---

#### कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की तैयारियां करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 5 अगस्त को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले को टी बी मुक्त बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी लेते हुवे अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से जिले को टी बी मुक्त बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन की तैयारियों के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम कॉलेज ग्राउंड जेठा में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने मैदान व्यवस्था, मंच, परेड एवं रिहर्सल, साउंड सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण कार्ड, रंगीन गुब्बारे, फूल, बैठक व्यवस्था,पेयजल, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शहीद परिवारों को सम्मान सहित आमंत्रित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विभागवार जानकारी ली तथा तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले में पंजीकृत सहकारी समितियों की संख्यात्मक जानकारी, ओडीएफ प्लस गांव, पी एम मत्स्य संपदा योजना आदि की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम,एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---




## नेशनल चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीता गोल्ड व सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

31 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित नेशनल पॉवरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट क्लासिक एवं इक्विप्ड चैम्पियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता यूनाइटेड पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में नर्मदा नगर मंगला चौक बिलासपुर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुई, जो वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग फेडरेशन (लंदन) से संबद्ध है।

▪ आगामी इंटरनेशनल प्रतियोगिता में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के साथ-साथ गुवाहाटी (असम) में होने वाली वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 के लिए चयन ट्रायल भी संपन्न हुआ। बाराद्वार के राजा पवार ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते हुए इंटरनेशनल स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने स्क्वॉट में 172.5 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 100 किलोग्राम, डेडलिफ्ट में 195 किलोग्राम भार उठाकर कुल 467.5 किलोग्राम के साथ गोल्ड मेडल जीता अब आगामी इंटरनेशन प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में सक्ती जिले के अन्य खिलाड़ियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया जिनमें बाराद्वार के रोहित जेडीया ने बेंच प्रेस में 82.5 किलोग्राम उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बाराद्वार के भूपेंद्र यादव ने इक्विप्ड फुल पॉवरलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अर्जुन निराला ने 160 किलोग्राम डेडलिफ्ट कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। निकिल चंद्र ने 130 किलोग्राम डेडलिफ्ट के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में भावना रात्रे ने 100 किलोग्राम डेडलिफ्ट कर गोल्ड मेडल जीत कर महिला शक्ति का परचम लहराया। इस आयोजन में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

---

## छात्र-छात्राओं को दिखाया महा अवतार नरसिम्हा का स्पेशल शो

**जांजगीर-चांपा।** यूनिक पब्लिक स्कूल ने अपने छात्रों के लिए एक विशेष आयोजन किया, जिसमें उन्हें मेट्रो सिनेमा में एनीमेशन मूवी महावतार नरसिम्हा दिखाई गई। इस मूवी के माध्यम से छात्रों को भगवान नरसिम्हा की कथा और उनके महत्व के बारे में



जानकारी दी गई।संस्था के संचालक अखिलेश सिंह सेंगर ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना और उन्हें प्रेरित करना है। इस आयोजन से छात्रों को बहुत आनंद और ज्ञान प्राप्त होगा।विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं कीं और छात्रों को इस मूवी का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक अखिलेश सिंह सेंगर, जय घोड़ाधार महराज सेवा एवं शिक्षण समिति से श्रीमती सत्यभामा सिंह सेंगर,प्रियंक सिंह सेंगर , श्रुति सिंह, वृंदावन सिंह ,अनामिका सिंह यूनिक पब्लिक स्कूल से शिक्षक सूरज राठौर, शिक्षिका - निकिता यादव, दीक्षा यादव, दीप्ति राठौर, यामिनी साहू, दीपमाला केसरवानी, जागेश्वरी ताम्रकार, दीपिका राठौर,शिक्षक -सूरज राठौर,सत्यनारायण कश्यप,स्वदेश यादव,शत्रुघ्न पटेल, देवचरण पटेल, थिरबाई देवांगन आदि उपस्थित रहें ।

## सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन करेंगे फेडरेशन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कर्मचारी भवन केरा रोड जांजगीर में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक हुई। बैठक में जिला प्रभारी एवं राजस्व पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप ने कहा कि ये मेरी लड़ाई है, मुझे आन्दोलन करना है। ऐसा संकल्प जिले के सभी कर्मचारियों को लेते हुए 22 अगस्त के सामूहिक अवकाश आंदोलन को सफल बनाना है।

गौरतलब है कि मोदी की गारंटी पूरा करवाने पूरे प्रदेश में फेडरेशन की ग्यारह सूत्रीय मांगों में लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देना, देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता के एरियर्स को सामान्य भविष्य निधी खाते में जमा करना, अर्जित अवकाश का नगद भुगतान 300 दिन करना, वेतन विसंगति दूर करना, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान देना, सभी संवर्गों के पूर्ण पेंशन लाभ के लिए नीति बनाना, पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करना, सहित ग्यारह सूत्रीय मांग शामिल है। 22 अगस्त के आंदोलन को सफल बनाने प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक भागवत कश्यप एवं



बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते अर्जुन सिंह क्षत्रीय।

लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष बिंदेश्वर राम रोतीया द्वारा जांजगीर चांपा जिले में कर्मचारियों की बैठक ली गई। जिले में आन्दोलन को शत प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार एवं जिला महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रि ने आश्वस्त किया कि 22 अगस्त का आंदोलन पूर्ण रूप से सफ़ल होगा। बैठक का संचालन संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास एवं आभार प्रदर्शन वाहन चालक संघ के उप प्रांताध्यक्ष रंजीत सिंह ने किया। बैठक में फेडरेशन के कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देवांगन, राधेश्याम कंवर, जगन्नाथ श्रीवास, श्री सोनी, ओम प्रकाश राठौर, लखन यादव, बिछपाल कुम्हार, विशाल वैभव, फिरत किरण, देवेंद्र साहू, रवि गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजय राठौर, पटवारी संघ से हरीश कश्यप, निधि लता जयसवाल संकुल समन्वयक संघ, सहित अनेक कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन, स्वस्थ मन योजना 2007 के अंतर्गत जहां शासकीय चिकित्सा विहीन संस्था है। विभागीय छात्रावासों,आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच परीक्षण हेतु जिला सक्ती के लिये निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एम.बी.बी.एस. एवं बी.ए.एम.एस. डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक छात्रावास और आश्रमों के लिये सत्र 2025-26 में निवासरत विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शुक्रवार 8 अगस्त तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। त्रिवर्षीय अल्टरनेटिव मेडिसिन उपाधि वाले चिकित्सक का आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

## व्यापारी सेवा समिति ने गौ माताओं को खिलाए 56 प्रकार के व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

सावन मास का पावन महीना जब शिव भक्ति अपने चरम पर होती है, उसी समय व्यापारी सेवा समिति, राहौद ने एक ऐसी अनूठी सेवा की मिसाल पेश की, जिसने न केवल नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया बल्कि पूरे क्षेत्र को भक्ति, संवेदना और संस्कृति से जोड़ दिया।

समिति द्वारा यह सेवा पहले से ही सप्ताह में दो दिन नियमित रूप से की जा रही है, जिसमें नगर की गलियों और सड़कों पर विचरण करने वाली गौ माताओं के लिए भोजन कराया जाता है, लेकिन इस वर्ष सावन मास में एक नई सोच के साथ इस सेवा को उत्सव का रूप दिया गया, जिसमें प्रत्येक बुधवार व शनिवार को रात्रिकालीन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन किसी गौशाला या आश्रय गृह में नहीं, बल्कि खुले में सड़कों पर उन गौ माताओं के लिए किया गया, जो दिनभर भूखी-प्यासी घूमती रहती हैं। इस आयोजन में 56 प्रकार के व्यंजन जैसे कि चावल, पूड़ी, खीर, सेव, फल, दलिया, गुड़, पैरा-कुट्टी, पशु आहार आदि श्रद्धा से अर्पित किए गए। इस सेवा कार्य में नन्हे बच्चों से लेकर नगर के वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साह से भाग लिया। नगर के सेवादारों और श्रद्धालुओं ने रात्रि के शांत वातावरण में जब गौ माताएं प्रेमपूर्वक भोजन कर रही थीं, तो उस दृश्य को देखकर



गौ माता को खाना खिलाते व्यापारी।

हर किसी के मुख से एक ही भाव निकला मानो स्वयं शिव दरबार लग गया हो। समिति का भाव स्पष्ट था गौ सेवा ही शिव सेवा है। शिवजी के वाहन नंदी महाराज की भांति गौ माता को शिव का स्वरूप मानकर सेवा की गई। इस भावना से प्रेरित यह आयोजन ना केवल भक्तिरस से भरपूर था, बल्कि समाज में सेवा का एक नया उदाहरण बन गया। इस अनुपम सेवा कार्य के विडियो व चित्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, और हर जगह से समिति की सराहना हो रही है। कई लोगों ने इस ढंग,पहल को छत्तीसगढ़ की धरती पर एक नई शुरुआत बताते हुए इसे अन्य स्थानों पर भी अपनाने की बात कही।

## भुविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जे एस डब्लू - के एस के पावर प्लांट के भुविस्थापित किसानों के द्वारा बैठक रखी गयी थी।

बैठक मे प्लांट कार्यरत कर्मचारियों की तरह भुविस्थापित किसानों को पेंशन के साथ साथ राज्य कर्मचारी बीमा योजना (ई एस आई सी) के तहत मेडिकल की सुविधा दिये जाने, पेंशन भोगी भुविस्थापित किसान को जीवन निर्वाह भत्ता आजीवन दिये जाने, पति पत्नी का अगर अलग अलग लाभार्थी कार्ड प्लांट के द्वारा पूर्व में बनाया गया है तो दोनों को लाभार्थी कार्ड के तहत अलग अलग पूर्ण पेंशन लाभार्थी मानकर दोनों में पेंशन दिये जाने , अगर कोई व्यक्ति ने गोदनामा वैध तरीके से सरकारी नियमानुसार बनवाया है तो कंपनी



बैठक में उपस्थित भूविस्थापित किसान।

को भी उसे मान्यता देते हुए उसका उत्तराधिकारी(नॉमिनी) मानकर पेंशन दिये जाने, भुविस्थापित ग्रामो में हर 3 माह में कंपनी के द्वारा समस्या निवारण शिविर का आयोजन किये जाने, पिछले 2 साल से बंद गावो में हर महीने लगने वाले मेडिकल कैम्प को पुनः शुरुवात करने,के साथ पानी , सड़क , शिक्षा , की मूलभूत सुविधा भी कंपनी के सी एस आर मद के माध्यम से कराया जाने की मांग की गई। बैठक में 8 गावो के भुविस्थापित किसान, प्लांट प्रभावित ग्रामीणजन एवं प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में शामिल हुए। और किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### बिहान की कृषि और पशु सखियों को दी जा रहीं कृषि व पशुपालन में तकनिकी जानकारी

# धान की खेती में बताई गई कतार रोपाई की महत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

धान की खेती तो हर किसान अपने स्तर पर कर रहें हैं, लेकिन बलौदा ब्लॉक के बिहान की क़ृषि सखी और पशु सखी को धान की खेती में कतार रोपाई का महत्व को प्रशिक्षण में बताया गया।

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में इस समय बलौदा ब्लॉक के 35 बिहान की कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में जानकारी दी जा रहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र में धान की रोपाई में कतार पद्धति से रोपाई करने की तकनीक सिखाई गई। और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजीव दीक्षित, डॉ आशीष प्रधान व शशिकांत सूर्यवंशी ने कतार पद्धति से धान की रोपाई से होने



कतार पद्धति से धान की रोपा लगाती बिहान की कृषि सखी एवं पशु सखी।

वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गईं। प्रशिक्षण में शामिल बलौदा ब्लॉक के चारपारा, जर्वे ब, पहरिया व कुरदा कलस्टर के पशु सखी व क़ृषि सखी दीदियों ने बताया कि क़ृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उन्हें उन्नत तकनीक से खेती करने की पहली बार ऐसी जानकारी मिल रहीं है। धान की रोपाई की 20 कतार पूर्ण होने के बाद खेत में खाद और दवाई छिड़काव के लिये पट्टी छोड़ने की महत्व को प्रेक्टिकल कराकर बताया गया। वहीं संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू, अरुण पाण्डेय और उत्तम राठौर के द्वारा बैंकिंग प्रणाली और उद्यमिता विकास के बारे में जानकारी दी जा रहीं है। कृषि सखी और पशु सखियों को एन आर एल एम जिला पंचायत के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे, रेशम लाल नामदेव, पशुधन विकास विभाग के डॉ पूनम पटेल, क़ृषि विभाग के सहायक संचालक आर के सोनवानी, उद्यान अधिकारी हरनारायण दिवाकर ने विभागीय योजनाओ की जानकारी दी। प्रशिक्षण में बलौदा ब्लॉक के 35 कृषि व पशु सखी शामिल हैं।

